

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–237/2026

राज्यपाल ने दीपावली और छठ की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की

पटना 05 नवम्बर, 2026 :– राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने आज आगामी दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर राज्य में आग से बचाव तथा भीड़ और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।

बिहार लोक भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों और एजेंसियों ने राज्यपाल को आपदा से बचाव और सुरक्षा उपायों को लेकर चलाए जा रहे जन–जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। राज्यपाल ने सोशल मीडिया, अन्य मीडिया माध्यमों और सामूहिक संदेशों के प्रभावी इस्तेमाल पर जोर दिया, ताकि सुरक्षा से जुड़ी जरूरी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके।

बैठक में पर्वों के सुरक्षित आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि राज्य के विभिन्न छठ घाटों को चिह्नित कर सुरक्षित पूजा के लिए तैयार किया जा रहा है। पानी की गहराई मापने, सुरक्षा संकेतक लगाने और संवेदनशील स्थानों पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की तैनाती के साथ नदी एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। घाटों और पहुँच मार्गों पर रोशनी, नियंत्रण कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, निगरानी मीनार, शौचालय और कपड़े बदलने की व्यवस्था की जा रही है। पार्किंग और यातायात प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य सचिव श्री कुमार रवि ने बताया कि पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की तैनाती होगी और अस्पतालों को सतर्क रखा जाएगा। दीपावली के मद्देनजर आग से झुलसे लोगों के इलाज के लिए विशेष चिकित्सा इकाइयाँ तैयार रहेंगी तथा आपात स्थिति के लिए पर्याप्त एम्बुलेंस उपलब्ध होंगी।

बैठक में बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार तैयारियों की तीन स्तर पर उच्चस्तरीय समीक्षा करती है।

औरंगाबाद जिले के देव और पटना जिले के उलार जैसे स्थलों पर भी विशेष तैयारियाँ की जा रही हैं, जहाँ श्रद्धालु बड़ी संख्या में के पहुँचते हैं। ऐसे स्थलों पर संबंधित जिला प्रशासन द्वारा यहाँ भीड़, यातायात और आपदा प्रबंधन के विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं।

पुलिस मुख्यालय और बिहार अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने सामाजिक सद्भाव, भीड़ प्रबंधन, आग से बचाव और जन–जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अधिकारियों ने भी अपनी तैयारियों से अवगत कराया।

आगे पृष्ठ...2 पर

राज्यपाल ने त्योहारों के दौरान बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि किसी बड़ी आपदा या चिकित्सा आपात स्थिति में जरूरत पड़ने पर दानापुर छावनी स्थित सैन्य अस्पताल का उपयोग किया जा सकता है।

राज्यपाल ने निदेश दिया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग और केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी चेतावनियों और परामर्शों को सरल एवं आसानी से समझ में आने वाली भाषा में लोगों तक पहुँचाया जाए, ताकि आपात स्थिति में आम लोग उनके अनुसार जरूरी कदम उठा सकें।

उन्होंने खरना के दिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया। साथ ही, छठ पूजा के दौरान नावों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य, स्वास्थ्य सचिव, पुलिस मुख्यालय, बिहार अग्निशमन सेवा, भारत मौसम विज्ञान विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सेना, केंद्रीय जल आयोग एवं राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकरीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

.....